| दिनांक 03.05.2023 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 03/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रशिक्षण निदेशालय के कार्यो के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा

डा0 आर0के0 विश्वकर्मा, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की अध्यक्षता में आज दिनॉकः 03.05.2023 को पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार में प्रशिक्षण निदेशालय के कार्यो की समीक्षा की गयी।

इस अवसर पर डा0 संजय एम तरडे, पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा पीटीएस सुल्तानपुर एवं पीटीएस जालौन में 600–600 पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण की क्षमता वृद्धि तथा 09 अन्य संस्थानों के प्रशिक्षण की क्षमता को दो गुना किये जाने आदि के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया गया।

प्रशिक्षण निदेशालय की उपलब्धियों के क्रम में राजपत्रित अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान की श्रेणी में डा0 भीमराव अम्बेडकर, पुलिस अकादमी को केन्द्रीय गृहमंत्री की ट्राफी तथा अराजपत्रित श्रेणी में विगत वर्षो में दो बार पीटीसी मुरादाबाद को भी यह ट्राफी प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त कोतवाल धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय व पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय सीतापुर को आईएसओ सर्टीफिकेशन कराया गया है तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षकों को 26 केन्द्रीय गृहमंत्री पदक भी प्रदान किये गये।

उत्तर प्रदेश पुलिस में **वर्चुवल क्लासरूम** का शुभाराम्भ किया गया है, जिसमें पुलिस प्रशिक्षण के नये आयाम एल.एम.एस. इण्टीग्रेटेड प्लेटफार्म, डिजिटल कन्टेन्ट (सीडी) मोबाइल डिवाइस मैनेजमेन्ट सिस्टम, आनलाइन इक्जामिनेशन स्टेट आफ आर्ट साइबर क्राइम फोरेंसिक लैब तथा वाहय प्रशिक्षण में 09 प्रशिक्षण संस्थानों में **ड्राइविंग सेमुलेटर**, **फायर आर्म्स सेमुलेटर** तथा **ड्रिल नर्सरी** की स्थापना की गयी है। प्रशिक्षण को एक उच्च स्तर पर पहुॅचाने के सम्बन्ध में भी किये गये गये प्रयासों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

विगत 05 वर्षो में रिकार्ड **1,62,244 प्रशिक्षुओं को आधारभूत एवं पदोन्नति प्रशिक्षण कराया गया।** इसके अतिरिक्त **वर्चुअल क्लासरूम के माध्यम से 57,049 प्रशिक्षुओं को** प्रशिक्षण कराया गया।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा** प्रशिक्षण निदेशालय के प्रस्तुतीकरण तथा 100 दिन एवं अलग–अलग अवधि के प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गयी।

- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय द्वारा भविष्य की चुनौतियों के दृष्टिगत प्रशिक्षण माध्यमों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुये कार्य योजना तैयार करने पर बल दिया गया।
- प्रशिक्षण में एल.एम.एस. इण्टीग्रेटेड प्लेटफार्म, डिजिटल कन्टेन्ट (सीडी) मोबाइल डिवाइस मैनेजमेन्ट सिस्टम, आनलाइन इक्जामिनेशन स्टेट आफ आर्ट साइबर क्राइम फोरेंसिक लैब तथा **ई–बुक्स (e-Books)** स्टैण्डर्डडाइज **पीपीटी**(PPT) तथा **वीडियोज** के प्रयासों की सराहना करते हुये प्रशिक्षण में और अधिक गुणवत्ता लाने हेतु एड्रगॉजी ट्रेनिंग जिसमें एक्सपीरियन्स (अनुभवात्मक) **केस स्टडी**, **ग्रुप डिस्कसन, रोल प्ले** आदि माध्यमों का प्रशिक्षण में प्रयोग के निर्देश दिये गये।
- पुलिस कर्मियों के संवाद कौशल एवं व्यवहार **(Soft Skills)** हेतु दिये जा रहे प्रशिक्षण पर विशेष बल एवं **केस स्टडी अच्छी तरह से विकसित** किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिये गये। इस हेतु आवश्यकतानुसार व्यवसायिक एवं योग्य विशेषज्ञों के साथ–साथ सेवानिवृत्त अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिकारीगण जो प्रशिक्षण के कार्य में रूचि लें उनका भी यथोचित सहयोग प्राप्त किया जाए।
- प्रचलित उपनिरीक्षक प्रशिक्षण में प्रशिक्षण क्षमता 6800 के सापेक्ष 9200 प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु किये जा रहे संस्थानों के प्रयासों की सराहना करते हुये **ड्रोन प्रशिक्षण** के लिए भी **कैपेसिटी बिल्डिंग** के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के पुलिस महानिदेशक एसएसआईटी, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।





## कमिश्नरेट आगरा/थाना ट्रांसयमुना

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **02 हजार 505 रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 03.05.2023 को थाना ट्रांसयमुना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सौ फुटा चौराहा से अभियुक्त अभिषेक को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण 02 हजार 505 रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 02.05.2023 को थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना ट्रांसयमुना पर धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना ट्रांसयमुना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अभिषेक निवासी महावीर नगर थाना ट्रांसयमुना, आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–02 हजार 505 रूपये नगद।

## जनपद अलीगढ़/थाना सिविल लाइन

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 02.05.2023 की रात्रि थाना सिविल लाइन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रिंच हॉर्स राइडिंग फील्ड की दीवार के पीछे

फिरदोस नगर बी से 04 अभियुक्तों 1–अशद 2–फराज 3–रिजवान 4–फहाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 दो पहिया वाहन बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अशद निवासी ए0डी0ए0 कालोनी अकबरी लॉज शाहजमाल थाना देहली जनपद अलीगढ़।

2–फराज निवासी तुर्कमान गेट चौकी के पास थाना कोतवाली जनपद अलीगढ़।

3–रिजवान निवासी फोन्दी वाली गली कादरी लॉज के पास तुर्कमान गेट थाना कोतवाली जनपद अलीगढ़।

4–फहाद निवासी तुर्कमान गेट थाना कोतवाली जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी की 07 दो पहिया वाहन।

## जनपद शाहजहॉपुर/थाना कोतवाली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अवैध अफीम**
- **1850/–रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनॉकः 02.05.2023 की रात्रि थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बरेला मोड़ से 02 अभियुक्तों 1–करम 2–सिकेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 करोड़ रूपये ( अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अवैध अफीम, 1850/–रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—करम निवासी ग्राम सराडू थाना टडवा जनपद चपरा, झारखण्ड।

2—सिकेन्द्र कुमार निवासी ग्राम हेवई थाना केरेडारी जनपद हजारीबाग, झारखण्ड।

**बरामदगी**

1—लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अवैध अफीम।

2—1850/—रूपये नगद।

3—02 मोबाइल फोन आदि।

**जनपद बागपत/थाना कोतवाली बागपत**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **40 पेटी अवैध शराब**
- **घटना में प्रयुक्त कार**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉक:02.05.2023 को थाना कोतवाली बागपत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1—नितेश 2—अरूण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 40 पेटी अवैध शराब, घटना में प्रयुक्त कार, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नितेश निवासी ग्राम नकलोई थाना सदर जनपद सोनीपत, हरियाणा।

2—अरूण निवासी जनता कालोनी थाना सेक्टर—27 सोनीपत, हरियाणा।

**बरामदगी**

1–40 पेटी अवैध शराब।

2–घटना में प्रयुक्त कार।

3–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

**एसटीएफः जनपद गोरखपुर में घटित 60 लाख रुपये की लूट की घटना का अनावरण, घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का मास्टरमाइण्ड अपने 02 साथियों के साथ गिरफ्तार, अवैध असलहों, कारतूस लूटे गए रुपये तथा घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद।**

दिनांक 02–05–2023 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को डकैती, लूट करने वाले गिरोह के मास्टरमाइण्ड मनोज साहनी उर्फ मनोज टमाटर व उसके 02 साथियों को अवैध तमन्चा, कारतूस लूटे गए रुपये तथा डकैती में प्रयुक्त वाहन के साथ थाना रामगढ़ताल क्षेत्र, जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–**

1. मनोज साहनी उर्फ़ टमाटर, निवासी नकहा नं0 1 केवटहिया वार्ड, थाना चिलुआताल , जनपद गोरखपुर।
2. योगेंद्र कुमार उर्फ़ पन्नेलाल, पुत्र नरसिंह निषाद, निवासी कर्महा उर्फ़ कर्महिया झुंगिया बाजार, थाना गुलरहिया, गोरखपुर ।
3. दीपक जायसवाल पुत्र सुन्दर लाल जायसवाल, निवासी मधुवन नगर वार्ड नं 8 नौतनवां, थाना नौतनवां, जनपद महराजगंज।

**बरामदगीः–**

1. लूटे गए रुपयों में से 90 हजार रुपये।
2. 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर।
3. 02 अदद अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 01 अदद अवैध तमन्चा 12 बोर।
5. 02 अदद अवैध जिन्दा कारतूस 12 बोर।

6. 01 अदद मारुती आल्टो कार रजि0 नं0 UP56Y0059 (घटना में प्रयुक्त)
7. 01 अदद मारुती आल्टो कार रजि0 नं0 UP56AA9668
8. 02 अदद मोबाइल फोन।
9. 02 अदद एटीएम कार्ड।
10. 01 अदद आधार कार्ड।
11. 01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस।
12. नकद 90000 रूपये।

**<u>गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय</u>:–**

लहसडी ओवरब्रिज के नीचे, थाना–रामगढ़ताल, जनपद गोरखपुर, 02–05–2023 समय सायं 18:15 बजे।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक नए गैंग द्वारा लगातार लूट/डकैती करने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईओं/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक श्री दीपक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि पूर्वी उ0प्र0 के जनपदों गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बहराइच आदि में भारतीय करेन्सी का नेपाली करेन्सी में कनवर्जन करने वाली कम्पनियों/एजेन्सियों के पैसे ले–जाने व ले–आने वाले कैरियरों को निशाना बनाकर लूट/डकैती करने वाला एक गिरोह उपरोक्त जनपदों में सक्रिय है तथा यह भी ज्ञात हुआ कि महराजगंज जनपद के नौतनवा कस्बे से पूर्व में उक्त करेन्सी कनवर्जन कम्पनी/एजेन्सी में कैरियर का काम करने वाला कोई व्यक्ति अब इन्हीं एजेन्सियों के कैरियरों के आने–जाने की मुखबिरी कर लूट की घटनाएं कारित करा रहा है।

दिनांक 02–05–2023 को मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि उक्त गैंग द्वारा गोरखपुर में किसी को लूटने की योजना बनायी जा रही है । उक्त सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए, निरीक्षक हेमन्त भूषण सिंह मय हमराह उ0नि0 तेज बहादुर सिंह,

मु0आ0 हरीश सिंह चौहान, मु0आ0 विनोद कुमार यादव, मु0आ0 आलोक रंजन, मु0 आ0 सुनील कुमार यादव, मु0आ0 कमाण्डो रामकेश, मु0आ0 चालक सुरेश कुमार, आ0 चालक संजीव मय सरकारी वाहन के एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ से जनपद गोरखपुर पहुंचकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे जहाँ मुखबिर मौजूद मिला। मुखबिर ने बताया कि उपरोक्त गैग के कुछ सदस्य लूट की घटना की योजना बनाने के लिए लहसडी ओवरब्रिज के नीचे आने वाले हैं। उक्त सूचना पर विश्वास करते हुए, प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल को द्वारा उचित माध्यम सूचना दी गयी । जिस पर प्रभारी निरीक्षक श्री शशि भूषण राय मय पुलिस बल के कुछ ही समय में लहसडी ओवरब्रिज के नीचे आ गये जहाँ मुखबिर ने दूर खड़ी एक सफेद रंग की कार में बैठे व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए बताया कि यह व्यक्ति दीपक जायसवाल है जो लूट की घटना कराने की मुखबिरी करता है इसके साथी इससे मिलने कुछ देर में आने वाले हैं जिनका यह इंतज़ार कर रहा है । इस पर हम पुलिस बल ने कार में बैठे व्यक्ति के ऊपर सतर्क दृष्टि रखते हुए उसके साथियों के आने का इंतज़ार करने लगे कुछ समय पश्चात सफेद कार के पास स्लेटी कलर की एक मारुती आल्टो कार आकर रुकी, रुकने के पश्चात दोनों कारों में बैठे तीनों व्यक्ति बाहर निकल करके एक दूसरे से हाथ मिलाने लगे इससे यह स्पष्ट हो गया कि स्लेटी कार से आये यही दोनों व्यक्ति दीपक जायसवाल के साथी हैं जिनका इंतज़ार दीपक कर रहा था इस पर हम पुलिस बल द्वारा एकबारगी दबिश देकर तीनों व्यक्तियों को आवश्यक बल प्रयोग करते हुए मौके पर ही पकड़ लिया गया, जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी हुयी।

बरामद असलहों, व पैसों के बारे में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि ये पैसे हम लोगों द्वारा पूर्व में की गयी लूट की घटनाओं के हैं, जिसे हम लोगों ने खर्च के लिए रखे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त मनोज साहनी उर्फ़ टमाटर ने पूंछताछ पर बताया कि मेरा लूट/डकैती/हत्या करने वाला एक गिरोह है इस प्रकार की घटनाओ में मैं कई बार जेल जा चूका हूँ दिनांक 24.11.22 को दीपक जायसवाल द्वारा मुझे कॉल करके बताया कि मैं एक गाडी नम्बर मैसेज कर रहा हूँ । जो 1–2 घंटे में गोरखपुर पहुंचेगी। जिसमें

भारी मात्रा में रूपये हैं । जिसको तुम लोग लूट लो और मेरा हिस्सा मुझे दे देना । इस पर मैं तुरन्त अपनी मोटरसाइकिल से मनोज साहनी पुत्र देवमुनि निवासी मोहरीपुर तरहवां, थाना चिलुआताल, गोरखपुर के घर जाकर उसको दीपक जायसवाल द्वारा दी गयी सूचना के बारे में बताया । तो फिर हम दोनों मेरी मोटर साइकिल से छोटू यादव निवासी नयागाव गोरखपुर के घर गये और छोटू को पूरी बात बतायी । इसके बाद छोटू ने फोन करके योगेन्द्र उर्फ पन्नेलाल निवासी करमहा झुंगिया बाजार गोरखपुर को पूरी बात बतायी और पन्नेलाल को मानीराम पहुंचने के लिए बताया और हम तीनों व्यक्ति अलग अलग मोटरसाइकिल से मानीराम पहुंच गये। मै तथा पन्नेलाल , पन्नेलाल की अल्टो कार में हो गये तथा मनोज साहनी व छोटू यादव मोटरसाइकिल से हो गये और गाडी का इंतजार करने लगे। कुछ देर के बाद छोटू के फोन से पन्ना के फोन पर छोटू ने बताया कि गाडी आ रही है लूटने के लिए तैयार हो जाओ । जिस पर हम लोगों की आल्टों कार आगे थी और जो गाडी हम लोगों को लूटनी थी उसके पीछे मोटरसाइकिल से छोटू व मनोज साहनी थे । जैसे ही रेलवे क्रासिंग क्रास हुई तुरन्त पतले रास्ते पर हम लोगों ने आल्टो कार आ रही गाडी के आगे लगा दी और पीछे से छोटू और मनोज साहनी मोटरसाइकिल से आ गये । इसके बाद हम सब ने मिलकर गाडी का शीशा तोडकर असलहे के दम पर गाडी मे रखे कैश के बैग को लूट लिया । इसके बाद पन्ना अपनी कार लेकर चला गया और मै, छोटू, व मनोज साहनी रूपये का बैग लेकर छोटू के घर नयागांव चले गये । जहां पर लूट के पैसे गिनने पर पाया कि लूटे गये रूपये लगभग 60 लाख 40 हजार थे । कुछ देर के बाद पन्ना भी मोटरसाइकिल से आ गया । फिर हम लोग अपना अपना हिस्सा लेकर चले गये । मुझे अपने हिस्से में 10 लाख रूपये मिले थे । घटना के बाद मैने अपना मोबाइल कहीं फेक दिया था। अगली सुबह लगभग 8 बजे मैं फरेंदा पहुंच गया था । जहां मैने आते जाते राहगीरों से फोन लेकर दीपक जायसवाल को अपना हिस्सा लेने के लिए बुलाया था । जहां मैने दीपक जायसवाल को उनका हिस्सा 8 लाख रूपये दे दिया था । दीपक जायसवाल को मै सुनील चौहान उर्फ बहादुर के माध्यम से जानता हूँ । वर्ष 2021 में मैने रामगढताल थाना अन्तर्गत सुनील चौहान उर्फ बहादुर से साथ मिलकर रू0 32 लाख की लूट की घटना

की थी । यह लूट की घटना करने के बाद मै गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में न्यायालय मे हाजिर होकर जेल चला गया था । मनोज साहनी भी अपने मुकदमे में हाजिर होकर जेल चला गया था ।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना रामगढ़ताल, जनपद गोरखपुर द्वारा की जा रही है । उपरोक्त लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर में मु0अ0सं0– 599/2023 धारा 394, 427 भादवि पूर्व से पंजीकृत है।

———————